Seminar conducted by Skyline Institute of Geoinformatics (Rohtak) Dated on 15th April 2026

Department of Geography in collaboration with Department of Education, Guru Nanak Girls College, Yamuna Nagar conducted one-day seminar on the theme “Geospatial Technologies and Their Emerging Applications” dated on 15 April 2026.

"जियो स्पेशियल टेक्नोलॉजी और उसके अनुप्रयोग" विषय पर सेमिनार आयोजित

यमुनानगर। जी.एन.जी. कॉलेज के भूगोल विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "जियो स्पेशियल टेक्नोलॉजी और उसके उभरते अनुप्रयोग" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जियोस्पेशियल तकनीक के व्यावहारिक उपयोग, वास्तविक जीवन के उदाहरण, रोजगार की संभावनाओं और जियोइन्फॉर्मेटिक्स में कौशल विकास के बारे में विस्तृत जानकारी देना रहा। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता श्री अजय पुनिया रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को जी.आई.एस., सुदूर संवेदन, जी.पी.एस. जैसी जियोस्पेशियल तकनीकों और कृषि, शहरी नियोजन, आपदा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण में उनके बढ़ते उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। श्री पुनिया ने छात्रों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज की निदेशक डॉ. वरिंदर गांधी और प्राचार्य डॉ. सुखविंदर कौर ने आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं।इस अवसर पर डॉ. नीलम, डॉ. मीतू, डॉ. करमजीत, डॉ. गुरमीत, दीपशिखा, अनुराधा, डॉ. सुमन, डॉ. मंजु, डॉ. अमृत, रमन, सादिका तथा शीतल सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

Field observation Jhanda and Suketi [Himachal Pardesh] on 08th October, 2025